# जबसे सहारा मेरा श्याम | By Shobha Gupta

जबसे सहारा मेरा श्याम हो गया ......2
श्याम के सहारे मेरा नाम हो गया

जबसे मिला है मुझे श्याम वरदानी
तबसे बदल गई जीने की कहानी
ताम झाम जीने का तमाम हो गया
श्याम के सहारे मेरा नाम हो गया

दिल्ली हरियाणा UP झारखण्ड वाले
आये गुजराती श्याम भगत निराले
भक्ति का नसीब सुनो जाम हो गया
श्याम के सहारे मेरा नाम हो गया

श्याम के दीवाने जो भी श्याम को मनाते
श्याम के दरश बिन चैन कहाँ पाते
रज्जो श्याम दर का गुलाम हो गया
श्याम के सहारे मेरा नाम हो गया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97/